# वनपाल एवं वनरक्षक

# प्रैक्टिस सेट भाग-6

# PDF डाउनलोड करें



सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए

**राजस्थान क्लासेज**

**सभी प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु डिजिटल कंटेंट बिल्कुल फ्री**


**राजस्थान सामान्य ज्ञान**

**Free - E-Book-1**

For PTET-BSTC-RAS-LDC

पटवारी, वनरक्षक, ग्रामसेवक, कृषि पर्यवेक्षक

**टॉप 1000 प्रश्न**

**ई - बुक सामान्य ज्ञान**

**डाउनलोड करलो**


वनरक्षक वनपाल
सम्पूर्ण कोर्स
अब वर्दी लेना तय


वनपाल वनरक्षक
मॉडल पेपर
PDF फ्री डाउनलोड


वनपाल वनरक्षक
पार्ट- 2
मॉडल पेपर
PDF फ्री डाउनलोड

आदर्श कुमावत
राजस्थान क्लासेज
अन्य किसी भी तरह की पीडीएफ के लिए क्लिक करें
सभी प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु डिजिटल कंटेंट बिल्कुल फ्री

1. **फीफा विश्व कप किस खेल से संबंधित है ?**
(A) बैडमिंटन (B) कुश्ती
(C) फुटबॉल (D) हॉकी

**व्याख्या**—(C)—फीफा विश्व कप फुटबाल खेल से संबंधित है।
—2018 में फीफा विश्व कप की मेजबानी रूस ने की थी जिसमें फ्रांस देश विजयी रहा था उसने क्रोशिया को फाइनल में 4-2 से हराया था।
—2022 में विश्व कप फुटबॉल खेल की मेजबानी कत्तर देश के पास है।

2. **दक्षिण एशियाई खेल 2019 की प्रारंभ तिथि है—**
(A) 9 मार्च (B) 18 मार्च
(C) 27 मार्च (D) 10 मार्च

**व्याख्या**—(A)—दक्षिण एशियाई खेल 2019 में 9 मार्च से प्रारम्भ होने थे लेकिन तारीखों को स्थगित कर दिया गया था। 13वें दक्षिण एशियाई खेल एक प्रमुख बहु-खेल कार्यक्रम है जिसे काठमांडू, नेपाल में आयोजित होगा।

3. **राजस्थान सूचना आयोग का कार्यालय स्थित है—**
(A) जयपुर (B) जोधपुर
(C) अजमेर (D) कोटा

**व्याख्या**—(A)—राजस्थान सूचना आयोग का कार्यालय जयपुर में स्थित है।
—इसका गठन 13 अप्रेल 2006 में हुआ था।
—पहला मुख्य सूचना आयुक्त श्री एम.डी. कोरानी।
—मुख्य सूचना आयुक्त को नियुक्त राज्यपाल द्वारा समिति की सिफारिश पर करता।

4. **हिमाचल प्रदेश में जल प्रबंध के लिए अपनाई जाने वाली विधि का नाम है—**
(A) कुल्ह (B) झूम
(C) जावेद (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**व्याख्या**—(A)—हिमाचल प्रदेश में जल प्रबंध के लिए अपनाई जाने वाली विधि कुल्ह विधि है।
राजस्थान में परम्परागत जल प्रबंध की विधि नाड़ी, बावड़ी, टोबा, झालरा, आंका, कुंडी आदि है।

5. **मरुस्थल राष्ट्रीय उद्यान किस जिले में स्थित है ?**
(A) बाड़मेर (B) जैसलमेर
(C) जोधपुर (D) पाली

**व्याख्या**—(B)—वर्ष 1981 में जैसलमेर जिले की वनस्पति रहित मरुस्थली क्षेत्र को राष्ट्रीय मरु उद्यान घोषित किया गया।
—यह जैसलमेर-बाड़मेर में फैला है। इसका क्षेत्रफल 3162 वर्ग किमी. है, राजस्थान का सबसे बड़ा अभयारण्य है।

6. **राणा कुंभा द्वारा कौनसा संगीत ग्रंथ रचित नहीं है ?**
(A) संगीतराज (B) संगीत मीमांसा
(C) सुधा प्रबंध (D) संगीत प्रबंध

**व्याख्या**—(D)—महाराणा कुम्भा एक महान संगीतज्ञ थे इसलिए उन्हें अभिनव भरताचार्य की उपाधि धारण की थी।
—कुम्भा द्वारा रचित ग्रन्थ है—संगीतराज, सूड प्रबन्ध संगीत मीमांसा, संगीत सुधा, वाद्य प्रबन्ध तथा रसिकप्रिया आदि हैं।

7. **किस धाय ने उदयसिंह की जान अपने पुत्र का बलिदान कर बचाई थी ?**
(A) पन्नाधाय (B) माताधाय
(C) क्षेत्रीधाय (D) चन्दनधाय

**व्याख्या**—(A)—1434 ई. में पृथ्वीराज सुसोदिया के असौरज पुत्र बनवीर ने विक्रमात्य को मारकर उदयसिंह की हत्या करने आया तब उस छोटे बालक उदयसिंह की जान बचाने के लिए पन्नाधाय ने अपने पुत्र चन्दन की बलि दे दी तथा उदयसिंह को सुरक्षित कुम्भलगढ़ किले पहुँचाया।

8. **महाराणा प्रताप ने किस युद्ध से मेवाड़ की भूमि को मुक्त करने का अभियान प्रारम्भ किया ?**
(A) दिवेर युद्ध से (B) हल्दीघाटी युद्ध से
(C) चांडव युद्ध से (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**व्याख्या**—(A)—महाराणा प्रताप के दिवेर युद्ध से मेवाड़ की भूमि को मुक्त करने का अभियान प्रारम्भ किया।
—यह युद्ध 1582 ई. की दिवेर युद्ध (राजसमन्द) लड़ा गया इसमें प्रताप का सेनापति उमरसिंह तथा अकबर का सेनापति सुल्तान खान था।

PDF के लिए www.rajasthanclasses.in विजिट करें।

—यह युद्ध प्रताप के गौरव का प्रतीक था।
—इस युद्ध को टॉड ने मेवाड़ का मैराथन कहा था।

9. किस सन तक आमेर राजधानी रहा—
(A) 1730 तक (B) 1727 तक
(C) 1750 तक (D) 1772 तक

व्याख्या—(B)—कच्छवाह राजवंश की पहले राजधानी आमेर रही थी जो 1727 तक रही थी क्योंकि सवाई जयसिंह ने 18 नवम्बर 1727 ई. को जयनगर के नाम से जयपुर की स्थापना की थी तथा इसे 1727 से कछवाह राजवंश को नई राजधानी बनी।

10. आँवल—बाँवल की संधि किन राजाओं के मध्य हुई ?
(A) राव जोधा व राव मिर्जा (B) राव जोधा व राणा कुम्भा
(C) राव रतनसिंह व राव सातलदेव (D) राणा लाखा व राणा कुम्भा

व्याख्या—(B)—आँवल-बाँवल की सन्धि कुम्भा की दादी एवं जोधा की बुँआ हंसाबाई की मध्यस्तता से हुई।

11. स्वतंत्रता के समय राजस्थान के किन नरेशों ने स्वतंत्र रहने की घोषणा की ?
(i) अलवर (ii) भरतपुर
(iii) जोधपुर (iv) डूंगरपुर
(A) केवल i (B) i व ii
(C) उपरोक्त सभी (D) i, iii व iv

व्याख्या—(C)—एकीकरण के लिए रियासत आयोग का गठन 5 जुलाई, 1947 को हुआ, इसका अध्यक्ष सरदार वल्लभभाई पटेल तथा सचिव वी.पी. मेन बना।
—एकीकरण में सर्वाधिक योगदान वल्लभभाई पटेल का रहा था।
—एकीकरण के दौरान राजस्थान ने कुल 19 रियासतें, 3 ठिकाने व अजमेर मेरवाड़ा केन्द्रशासित प्रदेश था।
—भारत 15 अगस्त, 1947 को लॉर्ड माउण्ट बेटन रिपोर्ट आधार पर आजाद हुआ जिसमें लिखा था भारत दो अधिराज्य में बंटेगा जो इन दोनों में जाना चाहते हैं वो इसमें चले जायें नहीं तो स्वयं का स्वतंत्र राज्य स्थापित कर सकते हैं।
—राजस्थान की अधिकांश रियासतें स्वतंत्र रहना चाहती थीं जिनमें अलवर, भरतपुर, जोधपुर तथा डूंगरपुर, जयपुर आदि लेकिन सरदार वल्लभभाई पटेल के समझाने पर भारत में विलय एवं राजस्थान एकीकरण में शामिल हुई।

12. राजस्थान एकीकरण में कौनसी रियासत नहीं है ?
(A) सिरोही (B) प्रतापगढ़
(C) चौमूं (D) किशनगढ़

व्याख्या—(C)—राजस्थान के एकीकरण के 7 चरण थे जिसकी शुरुआत 18 मार्च 1948 को हुई तथा एकीकरण पूरा एक नवम्बर 1956 को हुआ।
—चौमू, जयपुर रियासत का एक ठिकाना था ना कि एक रियासत थी।

13. हिन्दी साहित्य की धरोहर किसे माना जाता है।
(A) जायसी के पद (B) कबीर के पद
(C) मीरा के पद (D) बिहारी के पद

व्याख्या—(C)—हिन्दी साहित्य की धरोहर मीरा के पद माने जाते हैं।
—मीराबाई के प्रमुख ग्रन्थ—टीका रा गोविन्द, नरसी मेहता री हुंडी, रुकमणी मंगल, मीरा पदावली गीत गोविन्द आदि।
—मीरा का जन्म 1498 ई. कुंडकी गाँव, पाली में हुआ था।

14. किस मंत्री ने राणा प्रताप को अपनी सम्पत्ति दान कर दी ?
(A) अमरसिंह (B) रामसिंह
(C) भारमल (D) भामाशाह

व्याख्या—(D)—भामाशाह ने राणा प्रताप को अपनी सम्पत्ति दान कर दी थी।
—हल्दीघाटी युद्ध के बाद प्रताप की आर्थिक स्थिति खराब हो गई तो पाली के भामाशाह ने उनकी सहायता की तो प्रताप ने महारानी रामा के स्थान पर भामाशाह को अपना प्रधान बनाया।
—भामाशाह को मेवाड़ का दनवीर कहा जाता था।

15. दूसरा जवाहरलाल नेहरू किसे कहा जाता है ?
(A) पं. युगलकिशोर चतुर्वेदी (B) शोभाराम कुमावत
(C) बाबू राज बहादुर (D) स्वामी केशवानन्द

व्याख्या—(A)—पण्डित युगल किशोर चतुर्वेदी को राजस्थान का दूसरा जवाहरलाल नेहरू कहते हैं।

16. लाल मिट्टी में किस पोषक तत्व का अभाव होता है ?
(A) $O_2$ (B) $N_2$
(C) $P_2$ (D) उपरोक्त सभी

व्याख्या—(B)—लाल दोमट व लाल लोमी मिट्टी राजस्थान में उदयपुर बांसवाड़ा, डूंगरपुर, चित्तौड़गढ़ जिले में पाई जाती है।
—इस मिट्टी में नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं कैल्सियम लवणों की अल्पता तथा पोटाश व लोहे की अधिकता पाई जाती है।

17. दांत में पहना जाने वाला गहना है—
(A) फूल (B) सूर
(C) रखन (D) अरसी

व्याख्या—(C)—राजस्थान में महिलाओं के द्वारा दाँतों में खनन और चूप आभूषण पहनती है।

18. संत दादूदयाल के कुल शिष्यों की संख्या है—
(A) 52 (B) 152
(C) 62 (D) 162

व्याख्या—(B)—दादू दयाल का जन्म 1544 ई. में अहमदाबाद में ब्राह्मण कुल में हुआ।
—दादूदयाल ने सांभर में प्रथम उपदेश 1568 ई.ङ में दिया तथा 1574 में दादू सम्प्रदाय की स्थापना की।

PDF के लिए www.rajasthanclasses.in विजिट करें।

—दादूदयाल के कुल शिष्य 152 हैं जिनमें से प्रमुख 52, 42 को 52 स्वामी कहा जाता है।

**19. किस माता के मंदिर को सिखी में दरगाहा कहा जाता है—**
(A) आई माता (B) गई माता
(C) छींक माता (D) पथवारी माता

**व्याख्या**—(A)—आई माता का प्रमुख मन्दिर बिलाड़ा जोधपुर में स्थित है।
—आईमाता का बचपन का नाम जीजाबाई था। जीजाबाई ने बिलाड़ा में नीम वृक्ष के नीचे 11 नियम चलाकर आई पथ की स्थापना की।
—आई माता के मन्दिर को दरगाह/थान/वडेर कहते हैं।
—आई माता सीखी जाति की कुल देवी हैं, आई माता का गुरु रामदेव जी थे।
—आई माता के मन्दिर में मूर्ति नहीं है तथा दीपक की ज्योति से केसर टपकती है।

**20. राजस्थान की भौतिक संरचना के अनुसार सबसे बड़ा विभाग है—**
(A) पूर्वी मैदान (B) पर्वतीय प्रदेश
(C) दक्षिणी पूर्वी पठार (D) थार का मरुस्थल

**व्याख्या**—(D)—राजस्थान की भौतिक संरचना को चार भागों में बाँटा गया है—(1) थार का मरुस्थल (2) अरावली पर्वतीय प्रदेश (3) पूर्वी मैदानी क्षेत्र (4) हाड़ौती का पठारी भाग इन चारों में से सबसे बड़ा क्षेत्रफल थार का मरुस्थल का है जो 61.11% है तथा 40% जनसंख्या निवास करती है।

**21. राजस्थान के किस लोकदेवता ने महमूद गजनवी के साथ युद्ध किया?**
(A) तेजाजी (B) गोगाजी
(C) हडबूजी (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**व्याख्या**—(B)—गोगाजी का जन्म 1003 ई. ददरेवा (चूरू) में हुआ था। गोगाजी ने चिनाब नदी के किनारे महमूद गजनवी से युद्ध किया। महमूद गजनवी ने गोगाजी को "जाहरपीर" (साक्षात देवता) की उपाधी दी।

**22. राजस्थान में ऊँटों के देवता के रूप किसकी पूजा की जाती है?**
(A) पाबूजी (B) तेजाजी
(C) हडबूजी (D) गोगाजी

**व्याख्या**—(A)—ऊँटों के देवता के रूप में पाबूजी की पूजा होती है। पाबूजी को मारवाड़ में सर्वप्रथम ऊँट लाने का श्रेय है। ऊँट में विशेष प्रकार का रोग-सर्रा होता है।
ऊँट की बीमारी को ठीक करने के लिए रावणहत्था वाद्य यन्त्र (9 तार होते हैं) के साथ पाबूजी की फड़ बांची जाती है।
पाबूजी की फड़ सबसे लोकप्रिय फड़ है।

**24. भीलों की भाषा में ठेपाड़ा है?**
(A) तंग कुर्ता (B) रूमाल
(C) तंग धोती (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**व्याख्या**—(C)—भील जनजाति राजस्थान की संख्या में दूसरे नम्बर है। यह चित्तौड़गढ़, उदयपुर, बांसवाड़ा जिले में अधिक निवास करती है।
—भीलों की भाषा में ठेपाड़ा तंग धोती को कहते हैं।
—जेम्स टॉड ने भीलों को वन पुत्र कहा था।

**25. सर्वाधिक जनघनत्व वाला जिला है—**
(A) जयपुर (B) जोधपुर
(C) अजमेर (D) बीकानेर

**व्याख्या**—(A)—प्रति वर्ग किलो मीटर क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों की संख्या जनसंख्या घनत्व कहलाता है। राजस्थान का जनसंख्या घनत्व 2011 जनगणना के अनुसार 200 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी. है।

**सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाले जिले**

| | |
|---|---|
| (1) जयपुर | 595 |
| (2) भरतपुर | 503 |
| (3) दौसा | 476 |
| (4) अलवर | 438 |
| (5) धौलपुर | 398 |

**26. ऊँट महोत्सव कहाँ मनाया जाता है?**
(A) बीकानेर (B) जैसलमेर
(C) बाड़मेर (D) पाली

**व्याख्या**—(A)—ऊँट महोत्सव जनवरी माह में बीकानेर जिले में पर्यटन, कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित करवाया जाता है। 2018 में इस उत्सव को 25 वर्ष पूर्ण हो गये हैं।

**27. मध्ययुगीन राजस्थान के सामाजिक आर्थिक जीवन के संदर्भ में 'पंचकुल' है?**
(A) ग्रामीण परिषद (B) नगर परिषद
(C) नगर पालिका (D) पंचायत

**व्याख्या**—(A)—मध्ययुगीन राजस्थान के सामाजिक, आर्थिक जीवन के संदर्भ में ग्रामीण परिषद को पंचकुल कहते थे। उस समय पंचकुल ही गाँवों में ग्राम पंचायत का कार्य करती थी। इसके पाँच सदस्य होते थे।

PDF के लिए www.rajasthanclasses.in विजिट करें।

28. गींदड नृत्य किस अवसर पर किया जाता है ?
(A) दिपावली
(B) नवरात्रा
(C) होली
(D) गणगौर

व्याख्या—(C)—यह नृत्य शेखावाटी क्षेत्र का सबसे लोकप्रिय नृत्य है। गींदड़ नृत्य होली के अवसर पर किया जाता है। यह एक स्वांग नृत्य है।
—यह नृत्य नगाड़ा वाद्य यन्त्र के साथ किया जाता है।
—इस नृत्य में पुरुष महिलाओं की भूमिका निभाते हैं जिन्हें गणगौर कहा जाता है।

29. वृहत्त राजस्थान संघ का उद्घाटन किसने किया ?
(A) चाचा नेहरू
(B) वल्लभभाई पटेल
(C) सरदार रामप्रसाद
(D) भगतसिंह

व्याख्या—(B)—वृहत राजस्थान संघ का निर्माण 30 मार्च 1949 को हुआ। इसमें कुल 14 रियासतें थीं।
—इस चरण का उद्घाटन वल्लभभाई पटेल ने जयपुर के सिटी पैलेस में किया था।
—जयपुर को राजस्थानी 'सत्यनारायण राव समिति' के आधार पर बनाया गया।

30. राजस्थान में जनगणना 2011 के अनुसार सर्वाधिक महिला साक्षरता वाला जिला है ?
(A) कोटा
(B) सिरोही
(C) भरतपुर
(D) दौसा

व्याख्या—(A)—2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान की महिला साक्षरता दर 52% है।
सर्वाधिक महिला साक्षरता दर वाले जिले

| | | |
|---|---|---|
| 1. कोटा | — | 65.9% |
| 2. जयपुर | — | 64.0% |
| 3. झुंझुनूं | — | 61% |
| 4. श्रीगंगानगर | — | 59.7% |
| 5. सीकर | — | 58.2% |

31. राष्ट्रमंडल संगठन में किस प्रधानमंत्री ने भाग लिया ?
(A) नरेन्द्र मोदी
(B) इन्दिरा गांधी
(C) मनमोहन सिंह
(D) उपरोक्त सभी

व्याख्या—(D)—राष्ट्रमण्डल संगठन 53 सदस्य देशों का एक अंतःकारी संगठन है। इनमें वे ही देश आते हैं जो कभी पूर्व में ब्रिटिश राष्ट्रमण्डल में आते अर्थात् ब्रिटिश के साम्राज्य के अधीन थे।
—28 अप्रैल, 1949 को आठ देशों ने मिलकर इसकी स्थापना की थी।
—इसका मुख्य लक्ष्य है कि राष्ट्रमण्डल नागरिकों के हितों की रक्षा करना, उनके जीवन स्तर को ऊँचा उठाने का प्रयास करना है।
—इस संगठन में नरेन्द्र मोदी, इन्दिरा गाँधी, मनमोहन सिंह, नेहरू सभी ने भाग लिया है।

32. भारत ने 12 अप्रैल 2018 को कौनसे उपग्रह को प्रक्षेपण किया है ?
(A) आईआरएनएसएस (IRNSS)-1 आई (I)
(B) आईआरएनएसएस (IRNSS)-1 आई (V)
(C) आईआरएनएसएस (IRNSS)-1 आई (A)
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

व्याख्या—(A)—भारत ने 12 अप्रैल, 2018 को आई आर एन एस एस (IRNSS)—I आई (I) प्रक्षेपण किया है।

33. विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन आयोजित हुआ ?
(A) भारत
(B) इंग्लैण्ड
(C) जापान
(D) चीन

व्याख्या—(A)—नई दिल्ली में विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन-2019 का आयोजन किया जा रहा है।
—इस शिखर सम्मेलन का आयोजन भारत के अग्रणी विचार मंच ऊर्जा और संसाधन संस्थान द्वारा किया जा रहा है।
—इस शिखर सम्मेलन की थीम है—Attaining the 2030 Agenda: delivering on our promise

34. इच्छा मृत्यु पर किस मुख्य न्यायाधीश ने हाल ही में फैसला दिया है ?
(A) नवजोत कोर ने
(B) दीपक मिश्रा ने
(C) वीरेन्द्र शर्मा ने
(D) धीरज दीक्षित ने

व्याख्या—(B)—सन् 2018 में इच्छा मृत्यु पर उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा ने निर्णय दिया है। इच्छा मृत्यु का अधिकार देने वाला भारत विश्व का 22वां देश है।

35. निम्न में से कौनसा मंदिर ग्लेशियर का भाग है—
(A) राममंदिर
(B) गोवर्धन मंदिर
(C) गंगोत्री
(D) जगदीशपुरी

व्याख्या—(C)—गंगोत्री मन्दिर ग्लेशियर का भाग है। यह उत्तराखण्ड राज्य में स्थित है। गंगोत्री गंगा नदी का उद्गम स्थान है। गंगाजी का मंदिर, समुद्र तल से 3042 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है।

36. मारवाड़ हितकारिणी सभा की स्थापना कब हुई—
(A) 1923 ई.
(B) 1921 ई.
(C) 1897 ई.
(D) 1941 ई.

व्याख्या—(B)—मारवाड़ हितकारिणी सभा की स्थापना 1921 में चांदमल सुराणा ने की थी। इसका पूर्व नाम मारवाड़ सेवा संघ रखा गया था।
मारवाड़ हितकारिणी सभा ने अपनी दो पुस्तिकाएँ—'मारवाड़ी की अवस्था' और 'पोपाबाई की पोल' प्रकाशित की जिसमें मारवाड़ प्रशासन की कटु आलोचना की गई थी।

PDF के लिए www.rajasthanclasses.in विजिट करें।

37. ''पोपाबाई की पोल'', मारवाड़ की अवस्था नामक पुस्तिकाएँ किसके सम्पादन में प्रकाशित की गई ?

(A) रामनारायण चौधरी (B) चौधरी यासीन खाँ

(C) जयनारायण व्यास (D) माणिक्यलाल वर्मा

**व्याख्या**—(C)—'पोपाबाई की पोल' मारवाड़ की वर्तमान अवस्था नामक पुस्तिकाएँ का सम्पादन जयनारायण व्यास ने की थी।

—व्यासजी ने 1927 में तरुण राजस्थान तथा 1936 में बम्बई से अखण्ड भारत नामक समाचार पत्र निकाले।

—इन्होंने अंग्रेजी पत्रिका पीप का भी सम्पादन किया।

38. 1914 ई. में विद्या प्रचारिणी सभा की स्थापना किस स्थान पर कीं गई ?

(A) वर्धा (B) डूंगरपुर

(C) जयपुर (D) चित्तौड़गढ़

**व्याख्या**—(D)—विजय सिंह पथिक ने 1914 में चित्तौड़गढ़ के ओछड़ी गाँव में विद्या प्रचारिणी सभा की स्थापना की थी। विद्या प्रचारिणी सभा का संचालन हरिभाई किंकर ने की थी।

39. राजस्थान की सबसे बड़ी रियासत कौनसी है ?

(A) शाहपुरा (भीलवाड़ा) (B) मेवाड़

(C) झालावाड़ (D) जोधपुर

**व्याख्या**—(D)—स्वतंत्रता से पूर्व राजस्थान में 19 रियासत और 3 ठिकाने थे। जिनमें सबसे बड़ी रियासत मारवाड़ (जोधपुर) थी और सबसे छोटी शाहपुरा (भीलवाड़ा) रियासत थी।

40. मत्स्य संघ की राजधानी क्या थी ?

(A) कोटा (B) अलवर

(C) जयपुर (D) भरतपुर

**व्याख्या**—(B)—राजस्थान के एकीकरण के 7 चरण थे जिनमें प्रथम चरण मत्स्य संघ था। इसका गठन 18 मार्च 1948 को हुआ।

—इस चरण में 4 रियासतें अलवर, भरतपुर, करौली व धौलपुर तथा नीमराणा (अलवर) ठिकाना भी शामिल किया गया था।

—प्रथम चरण का नाम मत्स्य संघ के एम. मुंशी के कहने पर रखा गया।

(1) प्रथम चरण — मत्स्य संघ 18 मार्च 1948
राजधानी — अलवर
राजप्रमुख — उदयभान सिंह (धौलपुर)
प्रधानमंत्री — शोभाराम कुमावत
उद्घाटनकर्ता — एन.वी. गॉडविल

(2) दूसरा चरण — पूर्व राजस्थान 25 मार्च 1978
राजधानी — कोटा
राजप्रमुख — भीमसिंह (कोटा)
प्रधानमंत्री — गोकुल लाल ओसावा
उद्घाटनकर्ता — एन.वी. गॉडविल

(3) तीसरा चरण —संयुक्त राजस्थान 18 अप्रैल, 1948
राजधानी — उदयपुर
राजप्रमुख — भोपालसिंह (उदयपुर)
प्रधानमंत्री — माणिक्यलाल वर्मा
उद्घाटनकर्ता — पं. जवाहर लाल नेहरू

(4) चौथा चरण — वृहद् राजस्थान
राजधानी — जयपुर
राजप्रमुख — भोपाल सिंह
प्रधानमंत्री — हीरालाल शास्त्री
उद्घाटनकर्ता — सरदार वल्लभ भाई पटेल

(5) पाँचवा चरण — संयुक्त वृहद् राजस्थान 15 मई, 1949
राजधानी — जयपुर
राजप्रमुख — भोपाल सिंह
प्रधानमंत्री — हीरालाल शास्त्री
उद्घाटनकर्ता — सरदार पटेल

(6) छठा छरण — राजस्थान संघ 26 जनवरी, 1950
राजधानी — जयपुर
राजप्रमुख — भोपाल सिंह
मुख्यमंत्री — हीरालाल शास्त्री

(7) सातवाँ चरण — वर्तमान राजस्थान 1 नवम्बर 1956
वर्तमान राजस्थान = राजस्थान संघ + आबू देलवाड़ा + अजमेर मेरवाड़ा + सुनेल टप्पा (MP) – सिरोंज क्षेत्र

41. प्राचीनतम युग में चावल की खेती के साक्ष्य कहाँ मिले हैं?

(A) मेहरगढ़ (B) बुर्जहोम

(C) कासी (D) कोल्डीहवा

**(D) व्याख्या**-नवपाषाण काल का समय 4000 ईसा पूर्व के बीच था। कर्नाटक के बैलारी क्षेत्र को दक्षिण भारत के उत्तर पाषाण कालीन सभ्यता का मुख्य स्थल माना गया हैं जबकि पश्चिम भारत में जहाँ मेहरगढ़ है। वहीं उत्तर भारत में बुर्जहोम, गुरूकराल, चिरांद, पिकलीहल और कोल्डीहवा इसके प्रमुख केन्द्र हैं। इस सभ्यता के मुख्य केन्द्र बिन्दु थे- कश्मीर, सिंध प्रदेश, बिहार, झारखण्ड, छत्तीसगढ़, असम आदि।

42. निम्न में से तमिल की बाइबिल कहलाती है–

(A) कुरूल (B) परिपादल (C) कलिथौके (D) नदरिपार

**(A) व्याख्या**-बाइबिल एक वेद पुस्तक हैं जो कर्मों की एक ऐसी व्यवस्था की घोषणा करती हैं जो हम सभी को प्रभावित करती है।

43. सुमेलित कीजिए -

| बौद्ध संगीति | शासक |
|---|---|
| 1. प्रथम संगीति | P. कनिष्क |
| 2. द्वितीय संगीति | Q. अशोक |
| 3. तृतीय संगीति | R. कालाशोक |

PDF के लिए www.rajasthanclasses.in विजिट करें।

4. चतुर्थ संगीति S. अजातशत्रु

| कूट : | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (A) | P | Q | R | S |
| (B) | S | R | Q | P |
| (C) | Q | P | S | R |
| (D) | R | S | P | Q |

**(B) व्याख्या**-संगीति का अर्थ है ''साथ-साथ गाना''। महात्मा बुद्ध के परिनिर्वाण के अल्प समय के पश्चात से ही उनके उपदेशों को संगृहीत करने, उनका पाठ वाचन करने आदि के उद्देश्य से संगीति सम्मेलन की पृथा चल पड़ी। इन्हें धम्म संगीति (धर्म संगीति) कहा जाता हैं। इन संगीतियों की संख्या एवं सूचि, अलग-अलग सम्प्रदायों द्वारा अलग-अलग बतायी जाती हैं।

**44. श्रवण बेलगोला कहाँ स्थित है?**

(A) तमिलनाडु में (B) गुजरात में

(C) कर्नाटक में (D) आन्ध्र प्रदेश में

**(C) व्याख्या**-श्रवण बेलगोला हासन जिला में स्थित है। यह बैंगलुरू से 147 किमी. दूर स्थित है। यह एक प्रसिद्ध जैन तीर्थ है। कन्नड़ में 'वेल' का अर्थ होता हैं श्वेत, 'गील' का अर्थ होता है 'सरोवर'। शहर के मध्य में एक सुन्दर श्वेत सरोवर के कारण यहाँ का नाम बेलगोला और फिर श्रवण बेलगोला पड़ा। यह स्थान विंध्यगिरि और चंद्रगिरि के मध्य स्थित हैं। विंध्यगिरि पर 7 तथा चिन्द्रगिरि पर 14 जैन मंदिर हैं।

**45. निम्न में से भुक्ति क्या है?**

(A) एक प्रशासनिक विभाग (B) राज्य का एक भाग

(C) सेनापति को किये जाने वाला संबोधन

(D) एक प्रकार का कर

**(A) व्याख्या**-विशाल गुप्त साम्राज्य अनेक राष्ट्रों या देशों में विभक्त था। प्रत्येक राष्ट्र में अनेक भुक्तियाँ और प्रत्येक भुक्ति में अनेक विषय होते थे। भुक्ति को हम वर्तमान समय की कमिश्नरी व्यवस्था के समान समझ सकते हैं।

**46. उत्तर भारत के किस शासक ने 'आदिवराह' की उपाधि धारण की थी?**

(A) वासुदेश (B) पृथ्वीचंद (C) मिहिरभोज (D) जयसेन

**(C) व्याख्या**-आदिवराह एक प्रसिद्ध उपाधि थी, जिसे कन्नोज के गुर्जर-प्रतिहार राजा मिहिर भोज (840-890 ई.) नें धारण किया। मिहिर भोज के चाँदी के सिक्कों पर यह नाम अंकित मिलता हैं, जो उत्तरी भारत में बहुतायत से मिले हैं। मिहिर भोज को भारत के प्रतापी राजाओं में गिना जाता है। उसके सिक्कों पर निर्मित 'सूर्यचन्द्र' उसके 'चक्रवर्ती' होने का प्रमाण हैं।

**47. शंकराचार्य के गुरू का नाम है?**

(A) गोविंद (B) शंकराचार्य (C) निम्बकाचार्य (D) वल्लभाचार्य

**(A) व्याख्या**-शंकराचार्य ने सुप्रसिद्ध ब्रह्मसूत्र भाष्य के अतिरिक्त ग्यारह उपनिषदों तथा गीता पर भाष्यों की रचनाएँ की एवं अन्य महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों स्त्रोत-साहित्य का निर्माण कर वैदिक धर्म एवं दर्शन को पुनः प्रतिष्ठित करने के लिए अनेक श्रमण, बौद्ध तथा हिन्दू विद्वानों से शास्त्रार्थ कर उन्हें पराजित किया। मात्र 32 वर्ष की उम्र में वे निर्वाण प्राप्त कर ब्रह्मलोक चले गये।

**48. किस सुल्तान के नाम का कोई सिक्का प्राप्त नहीं होता?**

(A) कुतुबुद्दीन ऐबक (B) इल्तुतमिश

(C) बलबन (D) गयासुद्दीन तुगलक

**(A) व्याख्या**-कुतुबुद्दीन ऐबक मध्यकालीन भारत का एक शासक, दिल्ली सल्तनत एवं गुलाम वंश का संस्थापक। उसने केवल चार वर्ष (1206-1210) ही शासन किया। वह एक बहुत ही प्रतिभाशाली सैनिक था जो दास बनकर पहले गौरी साम्राज्य के सुल्तान मुहम्मद गौरी के सैन्य अभियानों का सहायक बना और फिर दिल्ली का सुल्तान। ऐबक ने कुतुबमीनार की पहली दीवार का निर्माण करवाया।

**49. कालीकट का राजा कहलाता था?**

(A) जेमोटिक (B) जेमोरिन (C) डच नायक (D) कोपीटिन

**(B) व्याख्या**-वास्को-डी-गामा एक पुर्तगाली अन्वेषक, यूरोपीय खोज युग के सबसे सफल खोजकर्त्ताओं में से एक और यूरोप से भारत सीधी यात्रा करने वाले जहाजों का कमांडर था, जो केप ऑफ गुड होप, अफ्रीका के दक्षिणी कोने से होते हुए भारत पहुँचा और तत्कालिन शासक जेमोरिन से मिला।

**50. अकबर का शासन जाना जाता है?**

(1) क्षेत्रों को जीतने के लिए

(2) अपनी प्रशासनिक व्यवस्था के लिए

(3) न्यायिक प्रशासन के लिए

(4) धार्मिक कट्टरता के लिए

(A) 1 व 2 (B) 1, 2 व 3 (C) 2, 3 व 4 (D) 1, 2, 3, 4

**(B) व्याख्या**-जलालुउद्दीन मोहम्मद अकबर तैमूर वंशावली के मुगल वंश का तीसरा शासक था। अकबर को अकबर-ए-आजम, शहंशाह अकबर, महाबली शहंशाह के नाम से भी जाना जाता। अकबर ने अपने शासनकाल में ताँबें, चाँदी एवं सोने की मुद्राएँ प्रचलित की।

**51. सती प्रथा को समाप्त करने के लिए कानून बनाया-**

(A) लॉर्ड विलियम बैंटिक ने (B) लॉर्ड डलहौजी ने

(C) लॉर्ड केनिंग ने (D) लॉर्ड विलियम जॉनसन ने

**(A) व्याख्या**-सती, कुछ पुरातन भारतीय हिन्दू समुदायों में प्रचलित एक ऐसी धार्मिक प्रथा, जिसमें पुरुष की मृत्योपरांत उसकी पत्नी उसके अंतिम संस्कार के दौरान उसकी चिता में स्वयमेव प्रविष्ट होकर आत्मत्याग कर लेती थी। 1829 में अंग्रेजों द्वारा भारत में इसे गैर-कानूनी घोषित किए जाने के बाद से यह प्रथा समाप्त हो गई।

**52. भगत सिंह किस संगठन के सदस्य थे ?**

(A) नेशनल सोशलिस्ट रिपब्लिक आर्मी

(B) हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिक आर्मी

# इन्हें भी अवश्य पढ़ें ?

- विषयवार ई- बुक यहाँ से देखे
- Youtube पर ऑनलाइन क्लासे देखे
- लेटेस्ट पोस्ट (GK क्विज)
- 1000 प्रश्न ई-बुक Download
- राजस्थान GK ई- बुक डाउनलोड
- Computer E- book Download
- Rajasthan Gk Questions
- India Gk Questions
- One Liner Gk Questions

PDF के लिए www.rajasthanclasses.in विजिट करें।

(C) हिन्दुस्तान रिपब्लिक आर्मी
(D) गदर पार्टी

**(B) व्याख्या**-भगत सिंह भारत के एक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी/क्रान्तिकारी थे। चन्द्रशेखर आजाद व पार्टी के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर इन्होंने देश की आजादी के लिए अभूतपूर्व साहस के साथ शक्तिशाली ब्रिटिश सरकार का मुकाबला किया। पहले लाहौर में साण्डर्स की हत्या और उसके बाद दिल्ली की केन्द्रीय संसद में बम-विस्फोट करके ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध खुले विद्रोह को बुलन्दी प्रदान की। इन्हें इनके दो अन्य साथियों राजगुरु तथा सुखदेव के साथ फाँसी पर लटका दिया।

**53. 'चलो दिल्ली मारो फिरंगी' का नारा किसका था?**
(A) 1857 के क्रांतिकारियों का
(B) शहीद भगत सिंह की फौज का
(C) आजाद हिंद फौज के सिपाहियों का
(D) नीमूचाणा काण्ड के विरूद्ध प्रदर्शनकारियों का

**(A) व्याख्या**-हमारे देश को स्वतंत्रता पंद्रह अगस्त, 1947 को मिली लेकिन इसका सूत्रपात अंग्रेजों के खिलाफ पहली गदर के नाम से प्रसिद्ध 1857 की क्रान्ति से हो गया। इसमें तत्कालीन मारवाड़ रियासत के लोगों का अहम योगदान रहा। जोधपुर के एरनपूरा में 21 अगस्त, 1857 में जोधपुर के सैनिकों ने क्रान्ति का सूत्रपात किया। जोधपुर के सैनिकों ने नारा दिया चलो दिल्ली, मारो फिरंगी।

**54. ILO का पूरा नाम है-**
(A) अन्तर्राष्ट्रीय विधि संगठन (B) अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक संगठन
(C) अन्तर्राष्ट्रीय लेबर (महिला) संगठन
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**(B) व्याख्या**-अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन, अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मजदूरों तथा श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए नियम बनाता है। यह संयुक्त राष्ट्र की विशिष्ट संस्था है। 1969 में इसे विश्व शान्ति के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**55. संयुक्त राष्ट्र संघ के बाद विश्व का दूसरा बड़ा अन्तर्राष्ट्रीय राजनीतिक संगठन कौन-सा है?**
(A) NAM (B) G-77 (C) WTO (D) सार्क

**(A) व्याख्या**-गुट निरपेक्ष आन्दोलन राष्ट्रों की एक अंतर्राष्ट्रीय संस्था हैं। यह आन्दोलन भारत के प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू द्वारा आरम्भ किया गया। इसकी स्थापना अप्रैल,1961 में हुई और 2012 तक इसके 120 सदस्य हो चुके थे।

**56. भारत की विभिन्न देशी रियासतों का एकीकरण का प्रावधान किस बड़े अधिनियम में किया गया था?**
(A) भारत परिषद अधिनियम, 1861
(B) भारत सरकार अधिनियम, 1919
(C) भारत सरकार अधिनियम, 1935
(D) मॉर्ले-मिण्टो सुधार, 1909

**(C) व्याख्या**-स्वतंत्रता के समय 'भारत' के अन्तर्गत तीन तरह के क्षेत्र थे-(1) 'ब्रिटिश शासित क्षेत्र' - ये लंदन के इण्डिया ऑफिस तथा भारत के गर्वनर-जनरल के सीधे नियंत्रण में थे। (2) देशी राज्य (3) फ्रांस और पूर्तगाल के औपनिवेशिक क्षेत्र (चन्दननगर, पाण्डिचेरी, गोवा) आदि। इस सभी क्षेत्रों को एक राजनैतिक इकाई के रूप में एकीकृत करना भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का घोषित लक्ष्य था।

**57. प्रधानमंत्री अपने पद व गोपनीयता की शपथ किसके समक्ष लेते हैं ?**
(A) राष्ट्रपति (B) मुख्य न्यायाधीश
(C) लोकसभा अध्यक्ष (D) राज्यसभा सभापति

**(A) व्याख्या**-भारत गणराज्य के प्रधानमंत्री का पद भारतीय संघ के शासन का प्रमुख पद है। भारतीय संविधान के अनुसार प्रधानमंत्री केन्द्र सरकार के मंत्री परिषद का प्रमुख और राष्ट्रपति का मुख्य सलाहकार होता है। प्रधानमंत्री को पद की शपथ राष्ट्रपति द्वारा दिलाई जाती है। पद पर नियुक्ति हेतु, भावी पदाधिकारी को दो शपथ लेने की अनिवार्यता हैं। ये दोनों शपथ भारतीय संविधान की तीसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट हैं।

**58. मूल संविधान के अनुच्छेद-19 द्वारा नागरिकों को कितनी स्वतंत्रताएं प्रदान की गई थी?**
(A) 6 (B) 8 (C) 7 (D) 5

**(A) व्याख्या**-अनुच्छेद (19) के अन्तर्गत भारतीय नागरिकों को निम्न स्वतंत्रतायें प्राप्त हैं-
(1) अभिव्यक्ति की आजादी।
(2) सभा की आजादी।
(3) संघ बनाने की आजादी।
(4) आने-जाने की आजादी। (5) व्यापार करने की आजादी
कुछ अधिकार राज्य की सुरक्षा, विदेशी राष्ट्रों के साथ भिन्नतापूर्ण सम्बन्ध, सार्वजनिक व्यवस्था, शालीनता के अधीन दिए जाते हैं।

**59. पाक जल संधि स्थित है -**
(A) भारत–पाकिस्तान के मध्य
(B) भारत–बांग्लादेश के मध्य
(C) भारत– श्रीलंका के मध्य (D) इनमें से कोई नहीं

**(C) व्याख्या**-पाक जलडमरूमध्य भारत के तमिलनाडु और श्रीलंका के उत्तरी भाग के बीच स्थित एक जलसंयोजी स्थल हैं। यह बंगाल की खाड़ी को पूर्वोत्तर में पाक खाड़ी और दक्षिण-पश्चिम में मन्नार की खाड़ी को जोड़ता हैं। इस जलडमरूमध्य की चौड़ाई 53-80 किमी. हैं। इसमें कई नदियाँ विसर्जित होती हैं, जिसमें तमिलनाडु की वैगई नदी प्रमुख हैं। इस जलडमरूमध्य का नाम 'रॉबर्ट पाक', जो ब्रिटिश राज के दौरान मद्रास प्रेसीडेंसी का एक गवर्नर था, के नाम पर रखा गया।

**60. नवीन पर्वतमाला का उदाहरण है?**
(A) रॉकी (B) यूराल (C) अप्लेशियन (D) अरावली

PDF के लिए www.rajasthanclasses.in विजिट करें।

(A) व्याख्या-रॉकी पर्वत या रॉकिज उत्तरी अमेरिका के पश्चिमी भाग से सामान्यत: उत्तर-दक्षिण दिशा में अलास्का से उत्तरी न्यू मेक्सिको तक फैली हुई पर्वमाला का नाम है। ऊँचाई 1,000 फुट से 14,431 फुट तक है और स्थलीय प्रसार 4,000 मील से अधिक हैं, यद्यपि यह विस्तार बीच-बीच में खण्डित हैं। रॉकीज पर्वत ने अमेरिका की जलवायु को बहुत प्रभावित किया है, क्योंकि ये पछुआ हवाओं को रोकते हैं।

**61. वनस्पति तेल से वनस्पति घी बनाने के लिए किस गैस का उपयोग किया जाता है ?**

(A) $O_2$ (B) $Cl_2$

(C) $CO_2$ (D) $H_2$

**व्याख्या**—(D)—भारत सहित दक्षिण एशिया में वनस्पति तेल से घी बनाने के लिए हाइड्रोजन ($H_2$) गैस का प्रयोग किया जाता है जिसे हाइड्रोजनीकरण कहते हैं।

हाइड्रोजनीकरण केवल असंतृप्त कार्बनिक यौगिकों से हाइड्रोजन की क्रिया द्वारा संतृप्त यौगिकों के प्राप्त करने से है जैसे—हाइड्रोजनीकरण द्वारा एथिलीन या ऐंसेटिलीन से एथेन प्राप्त किया जाता है।

**62. मानव नेत्र में उपस्थिति रेटिना पर प्रकाशग्राही भाग होते हैं—**

**(i) शलाका ( रोड ) कोशिकाएँ (ii) शंकु ( कोन ) कोशिकाएँ**

**(iii) कोराइड़ए कोशिका (iv) अंधकोशिकाएँ**

(A) i (B) iii

(C) i व ii (D) i व iv

**व्याख्या**—(C)—मानव नेत्र में उपस्थित रेटिना पर शलाका (रोड) कोशिकाएँ एवं शंकु (कोन) कोशिकाएँ प्रकाशग्राही भाग होते हैं। दिन की रोशनी या प्रकाश में दिखाई देना शंकुओं का कार्य है, जबकि कम प्रकाश या रात में दिखाई देना शलाकाओं से सम्बन्धित कार्य है।

**63. मानव एंजाइम के निर्माण के लिए आवश्यक पदार्थ है—**

(A) कार्बोहाइड्रेट (B) विटामिन

(C) वसा (D) न्यूक्लिक अम्ल

**व्याख्या**—(B)—एन्जाइम एक तरह का **प्रोटीन** है जो कोशिकाओं के अंदर पाया जाता है ये एन्जाइम मानव शरीर से रासायनिक प्रतिक्रियाओं को तेज करने में मदद करते हैं।

इन एन्जाइमों के निर्माण में विटामिन एक आवश्यक तत्त्व होता है ये एन्जाइम शरीर के बड़े अणुओं जैसे ग्लूकोज को छोटे आकार में तोड़ने में सहायक होता है जिससे शरीर इन अणुओं को ऊर्जा के रूप में प्रयोग करता है।

**64. हिमोफिलिया रोग के बारे में गलत कथन कौनसा है ?**

(A) यह एक प्रभावी रोग है

(B) रुधिर स्पंदन में निहित केवल एक प्रोटीन प्रभावित होती है।

(C) यह एक लिंग सहलग्न रोग है

(D) यह एक अप्रभावी रोग है

**व्याख्या**—(A)—हिमोफिलिया रोग एक ऐसा विकार है जिसमें रक्त का थक्का सामान्य कप से नहीं बनता है।

यह एक अनुवांशिक एवं अप्रभावी रोग है जिसमें शरीर के बाहर बहता हुआ रक्त जमता नहीं है। विशेषज्ञों के अनुसार इस रोग का कारण एक रक्त प्रोटीन की कमी हेती है, जिसे ''क्लॉटिंग फैक्टर'' कहा जाता है।

**65. DNA खण्डों को अलग करने के लिए किया जाता है—**

(A) वैद्युत संचलन (B) प्रतिबंधन मापन

(C) अपकेन्द्रीकरण (D) पॉलिमरेज श्रृंखला अभिक्रिया

**व्याख्या**—(A)—DNA (डि-ऑक्सी राइबोज न्यूक्लिक अम्ल) खण्डों को अलग करने के लिए वैद्युत संचलन विधि का प्रयोग किया जाता है।

**66. मानव के तंत्रिका तंत्र कार्य करते है—**

(A) ऐक्सान का अन्तिम छोर और सिनेप्स

(B) ऐक्सान का अन्तिम छोर और मेरुरज्जू

(C) ऐक्सान का अन्तिम छोर और मस्तिष्क

(D) सिनेप्स का अन्तिम छोर और मस्तिष्क

**व्याख्या**—(A)—ऐक्सान का अन्तिम छोर और सिनेप्स मानव के तंत्रिका तंत्र का कार्य करते हैं।

**67. वायू प्रदूषण निरोध एवं नियंत्रण अधिनियम कब लागू हुआ ?**

(A) 1985 (B) 1975

(C) 1971 (D) 1981

**व्याख्या**—(D)—वायु प्रदुषण निवारण और नियंत्रण अधिनियम 29 मार्च 1981 से प्रभावी हुआ। जिसका विस्तार सम्पूर्ण भारत पर है।

**68. निम्न में से ग्रेफाइट के समतुल्य संरचना है—**

(A) $B_4C$ (B) $B_2H_6$

(C) BN (D) B

**व्याख्या**—(C)—ग्रेफाइट के समतुल्य संरचना BN की है।

**69. घड़ियों के बटन सेल में उपस्थित पदार्थ है—**

(A) Zn व Ag (B) Cu व Ag

(C) Zn व Cu (D) Au व Na

**व्याख्या**—(A)—घड़ी के बटन सेल में जिंक व सिल्वर पदार्थ पाया जाता है—(Zn व Ag)

**70. निम्न में से अम्ल है—**

(A) NaOH (B) NaCl

(C) $HClO_4$ (D) $CH_4$

**व्याख्या**—(C)—हाइपोक्लोरस एसिड ($HC10_4$) एक अम्लीय पदार्थ होता है।

**71. अपचयन अभिक्रिया में विद्युत धनात्मक तत्व या समूह का अनुमान होगा—**

(A) वृद्धि (B) कमी

(C) अप्रभावित (D) ज्ञान नहीं किया जा सकता है

PDF के लिए www.rajasthanclasses.in विजिट करें|

**व्याख्या**—(A)—अपचयन : रसायनशास्त्र में अपचयन से आशय एक ऐसी अभिक्रिया होता है, जिसमें हाइड्रोजन या किसी अन्य विद्युत धनात्मक तत्व का संयोग हो या फिर ऑक्सीजन अथवा विद्युत ऋणात्मक तत्त्व का वियोग हो, अपचयन कहलाता है।

अपचयन की प्रक्रिया में ऋणात्मक संयोजकता में वृद्धि होती है तथा धनात्मक संयोजकता की संख्या में कमी आती है।

**Ex._** $H_2 + cl_2 \rightarrow 2Hcl$

**72. ऑक्सीकरण की प्रक्रिया में संयोजकता—**

(A) बढ़ती है (B) घटती है

(C) अप्रभावित होती है (D) ज्ञात नहीं की जा सकती है

**व्याख्या**—(A)—ऑक्सीकरण एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें पदार्थ ऑक्सीजन से मिल जाता है अथवा उसकी हाइड्रोजन निकल जाती है। दूसरे शब्दों में यह भी कह सकते हैं कि ऑक्सीकरण वह प्रक्रम है, जिसमें पदार्थ के इलेक्ट्रॉन कम हो जाते हैं।

—ऑक्सीकरण पदार्थ वे पदार्थ हैं, जो दूसरे पदार्थों को ऑक्सीकृत कर देते हैं, जैसे—पोटैशियम परमैंगनेट, नाइट्रिक अम्ल आदि।

**73. निम्न में उत्प्रेरक का उदाहरण है—**

(A) सुक्रोज (B) ग्लुकोज

(C) लाइपेज (D) प्रेक्टोज

**व्याख्या**—(C)—उत्प्रेरक से तात्पर्य ''किसी रासायनिक अभिक्रिया की गति बढ़ाने वाले पदार्थ उत्प्रेरक कहलाते हैं।'' उत्प्रेरक पदार्थ की केवल थोड़ी मात्रा ही पर्याप्त होती है।

—उत्प्रेरक उत्क्रमणीय प्रतिक्रियाओं में प्रत्यक्ष और विपरीत दोनों ओर की क्रियाओं को बराबर उत्प्रेरित करता है अत: उत्प्रेरक की उपस्थिति से प्रतिक्रिया की साम्य स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं होता, केवल साम्यस्थापन के समय में ही अंतर हो जाता है।

उदाहरण—लाइपेन

**74. काल्पनिक इन्द्र धनुष में रंगों की संख्या होती है—**

(A) 9 (B) 7

(C) 1 (D) असंख्य

**व्याख्या**—(B)—काल्पनिक इन्द्रधनुष का निर्माण वर्ण विक्षेपण के प्रिज्म से होता है। इसमें सात रंग होते हैं।

**75. आंतरिक परावर्तन का उदाहरण है—**

(A) अपवर्तन (B) परावर्तन

(C) हीरे में पूर्ण आन्तरिक परावर्तन

(D) सभी

**व्याख्या**—(C)—आन्तरिक परावर्तन का उदाहरण हीरे में पूर्ण आन्तरिक परावर्तन है। पूर्ण आन्तरिक परावर्तन के प्रकाशीय परिघटना है, जिसमें प्रकाश की किरण किसी माध्यम के तल पर ऐसे कोण पर आपतित होती है कि उसका परावर्तन उसी माध्यम में हो जाता है।

**76. सर्वाधिक वृक्ष क्षति किस क्षेत्र में हो रही है?**

(A) शीतोष्ण कटिबंध क्षेत्र में (B) मरूक्षेत्र में

(C) उष्ण कटिबंध क्षेत्र में (D) सुंदर वन क्षेत्र में

**व्याख्या**—(C)—सर्वाधिक वृक्ष क्षति उष्ण कटिबंध क्षेत्र में हो रही है। उष्णकटिबंधीय वर्षा वन एक ऐसा क्षेत्र होता है, जो भूमध्य रेखा के दक्षिण या उत्तर में लगभग 28 डिग्री के भीतर होता है।

**77. महाविविधता केन्द्र है—**

(A) शीतोष्ण (B) मानसूनी

(C) विपुवतीय (D) उष्ण कटिबंधिय

**व्याख्या**—(C)—महाविविधता का केन्द्र विपुवतीय वन होते हैं। जिन्हें उष्ण कटिबंधीय वर्षा वन भी कहते हैं।

**78. राष्ट्रीय उद्यान में संरक्षित होते है—**

**(i) वन्य जीव** **(ii) वन**

**(iii) जल** **(iv) वायु**

(A) i व ii (B) i, ii व iv

(C) i व iii (D) i, ii, iii व iv

**व्याख्या**—(A)—राष्ट्रीय उद्यान वह संरक्षित स्थल होता है जिसमें वन्य जीव, पक्षी तथा वन को संरक्षित किया जाता है।

भारत का प्रथम राष्ट्रीय उद्यान जिम कॉबेट नेशनल पार्क है जो उत्तराखण्ड में स्थित है। जिसे 1936 में नेशनल पार्क घोषित किया था।

**79. पर्यावरण में शामिल है—**

**(i) उत्पादक** **(ii) अपघटक**

**(iii) अकार्बनिक पदार्थ** **(iv) कार्बनिक पदार्थ**

**(v) उपभोक्ता**

(A) i, ii, iv (B) i व ii

(C) iii व iv (D) सभी

**व्याख्या**—(A)—पर्यावरण उन सभी भौतिक, रासायनिक एवं जैविक कारकों की समष्टिगत इकाई है, जो किसी जीवधारी अथवा पारितंत्रीय आबादी को प्रभावित करते हैं तथा उनके रूप, जीवन और जीवित को तय करते हैं।

पर्यावरण में उत्पादक, अपघटक तथा कार्बनिक पदार्थ शामिल है।

**80. ग्रीन हाउस में उपयोग आने वाली गैस का नाम है—**

(A) CO (B) $CO_2$

(C) $Cl_2$ (D) क्लोरो फ्लोरो कार्बन


**व्याख्या**—(B)—ग्रीन हाउस में कार्बन डाइ ऑक्साइड गैस ($Co_2$) को उपयोग में लेते हैं।

**81. एक रेखा का एक सिरा (4, 0) है और मध्य बिन्दु (4, 1) है तो रेखा के दूसरे सिरे के निर्देशांक क्या होंगे?**

(A) (4, 8) (B) (4, 2)

(C) (5, 3) (D) (1, 3)

**व्याख्या**—(B)





$$\frac{x+4}{2} = 4, x = 8 - 4 = 4$$

$$\frac{y+0}{2} = 1, y = 2$$

PDF के लिए www.rajasthanclasses.in विजिट करें।

**82.** निम्न ग्राफ में छायांकित भाग का क्षेत्रफल है—




(A) 5 (B) 20
(C) – 20 (D) – 40

> **व्याख्या**—(B) क्षेत्रफल $= \frac{1}{2} \times$ आधार $\times$ ऊँचाई
>
> $= \frac{1}{2} \times 5 \times 8 = 20$

**83.** यदि $2x + y - c = 0$ मूल बिन्दु से गुजरती है तो $c$ का मान क्या होगा?

(A) 1 (B) 2
(C) 0 (D) – 1

> **व्याख्या**—(C) यदि रेखा मूल बिन्दु से गुजरती है तो C = 0 होगा।

**84.** मुकेश ने घोड़ा ₹ 20,000 में बेचा, जिससे उसे 25% लाभ हुआ, तो बताओ मुकेश घोड़े को कितने रुपये में बेचे ताकि उसे 30% का लाभ हो?

(A) ₹ 20,800 (B) ₹ 28,800
(C) ₹ 25,000 (D) ₹ 24,500

> **व्याख्या**—(A) दूसरी बार का विक्रय मूल्य
>
> $= \frac{\text{पहला विक्रय मूल्य}}{100 \pm \text{ पहला \%}} \times (100 \pm \text{ दूसरा \%})$
>
> दूसरी बार का विक्रय मूल्य $= \frac{20,000}{(100+25)} \times (100 + 30)$
>
> = ₹ 20,800

**85.** राम ने एक घड़ी ₹ 3,600 में बेचकर 10% हानि प्राप्त की हो, तो घड़ी का क्रय मूल्य ज्ञात करो—

(A) ₹ 3,900 (B) ₹ 4,000
(C) ₹ 4,200 (D) ₹ 4,500

> **व्याख्या**—(B) क्रय मूल्य $= \frac{100}{100 - \text{ हानि \%}} \times$ विक्रय मूल्य
>
> $= \frac{100}{100-10} \times 3,600 = \frac{100}{90} \times 3600$
>
> क्रय मूल्य = 4,000 रुपये

**86.** मोहन ने 10 रु. में 20 पेन्सिल खरीदकर 20 रुपये में 10 पेन्सिल बेच दी, तो कितने % लाभ अथवा हानि हुई?

(A) 200% (B) 180%
(C) 125% (D) 150%

> **व्याख्या**—(C) $x$ वस्तुओं को $y$ रुपये में खरीदकर $y$ वस्तुओं को $x$ रुपये में बेचें तो
>
> लाभ % $= \left(\frac{x^2 - y^2}{y^2} \times 100\right)\%$
>
> लाभ % $= \frac{15^2 - 10^2}{10^2} \times 100$
>
> $= \frac{225 - 100}{100} \times 100\%$
>
> लाभ % = 125%

**87.** 60% व 10% क्रमिक बट्टों का समतुल्य बट्टा ज्ञात करो।

(A) 74% (B) 64%
(C) 54% (D) 0

> **व्याख्या**—(B) $a\%$ व $b\%$ क्रमिक बट्टा है तो समतुल्य बट्टा
>
> $= a + b - \frac{ab}{100}$
>
> समतुल्य बट्टा $= 60 + 10 - \frac{60 \times 10}{100} = 64\%$

**88.** एक दुकानदार अपने सामान की लागत मूल्य को 25% बढ़ाकर अंकित करता है और 20% की छूट देता है तो लाभ/हानि % ज्ञात करो।

(A) 1% (B) 2%
(C) 3% (D) 0%

> **व्याख्या**—(D) लाभ/हानि = अंकित मूल्य $\times \left(\frac{100 - \text{ बट्टा}}{100}\right)$
>
> $= 125 \times \left(\frac{100 - 20}{100}\right)$
>
> $= 125 \times \frac{80}{100} = 100\%$
>
> लाभ/हानि% = 100 – 100 = 0%
>
> न लाभ न हानि

**89.** एक दुकानदार वस्तु पर 20% अधिक मूल्य अंकित करता है। यदि 14% लाभ कमाना हो तो वस्तु पर कितने % छूट देनी होगी?

(A) 5% (B) 6%
(C) 7% (D) 4%

PDF के लिए www.rajasthanclasses.in विजिट करें।

**व्याख्या**—(A) अंकित मूल्य = $\frac{\text{विक्रय मूल्य} \times 100}{\text{अंकित मूल्य}}$

अंकित मूल्य = $\frac{114 \times 100}{120} = 95$

छूट = 100 − 95 = 5%

**90. कितने प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज की दर से कोई धन 8 वर्षों में तिगुना हो जायेगा ?**

(A) 20% (B) 25%
(C) 22% (D) 30%

**व्याख्या**—(B) दर = $\frac{100 \times \text{ब्याज}}{P \times t} = \frac{100 \times 200}{100 \times 8} = 25\%$

**91. कोई धन 10% वार्षिक ब्याज की दर से कितने वर्षों में 3 गुना हो जायेगा ?**

(A) 10 वर्ष (B) 20 वर्ष
(C) 30 वर्ष (D) 40 वर्ष

**व्याख्या**—(B) समय = $\frac{100 \times \text{ब्याज}}{P \times R} = \frac{100 \times 200}{100 \times 10} = 20$ वर्ष

**92. किसी धन का 6% वार्षिक ब्याज की दर से 3 वर्षों के ब्याज व 6 वर्ष के ब्याज का योग ₹ 810 है तो वह धन ज्ञात करो।**

(A) ₹ 1,000 (B) ₹ 1,200
(C) ₹ 1,500 (D) ₹ 1,800

**व्याख्या**—(C) मूलधन = $\frac{100 \times \text{ब्याजों का योग}}{\text{दर} \times \text{समयों का योग}}$

मूलधन = $\frac{100 \times 810}{6 \times (6+3)} = \frac{100 \times 810}{6 \times 9} = ₹\ 1,500$

**93. ₹ 5,000 का 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से 3 वर्ष का मिश्रधन ज्ञात करो।**

(A) ₹ 6,575 (B) ₹ 6,655
(C) ₹ 6,750 (D) ₹ 6,250

**व्याख्या**—(B) मिश्रधन= $P\left(1+\frac{\text{दर}}{100}\right)^T$

$= 5,000 \times \left(1+\frac{10}{100}\right)^3$

$= 5,000 \times \left(\frac{110}{100}\right)^3$

$= 5,000 \times \frac{110}{100} \times \frac{110}{100} \times \frac{110}{100}$

= ₹ 6,655

**94. कोई धनराशि चक्रवृद्धि ब्याज पर 3 वर्ष में ₹ 800 तथा 4 वर्ष में ₹ 840 हो जाती है, तो ब्याज की वार्षिक दर ज्ञात करो।**

(A) 5% (B) 10%
(C) 7.5% (D) 6%

**व्याख्या**—(A) ब्याज की दर = $\frac{100 \times \text{दोनों मिश्रधनों का अन्तर}}{\text{प्रथम मिश्रधन}}$

ब्याज की दर = $\frac{100(840-800)}{800}$

$= \frac{100 \times 40}{800} = 5\%$

**95. हेमराज, राम व मोहन ने क्रमशः ₹ 15,000, 18,000, 21,000 लगाकर व्यापार प्रारम्भ किया। यदि वर्ष के अन्त में लाभ ₹ 90,000 है तो मोहन का लाभांश है—**

(A) ₹ 25,000 (B) ₹ 30,000
(C) ₹ 28,000 (D) ₹ 35,000

**व्याख्या**—(B)

| हेमराज | राम | मोहन |
|---|---|---|
| 15,000 | 18,000 | 21,000 |
| 5 : | 6 : | 7 |

अनुपातों का योग = 5 + 6 + 7 = 18

मोहन का लाभांश = $\frac{90,000}{18} \times 6 = 30,000$ रुपये

**96. राम व गणेश ने मिलकर ₹ 5,400 में एक गाड़ी किराये पर ली। यदि राम 24 घण्टे व गणेश 30 घण्टे गाड़ी का प्रयोग करे तो राम को कितने रुपये अदा करने चाहिए ?**

(A) ₹ 2,200 (B) ₹ 2,500
(C) ₹ 3,000 (D) ₹ 2,400

**व्याख्या**—(D) यदि A व B मिलकर वस्तु $x$ रुपये में किराये पर लेते हैं और उसे क्रमशः $t_1$ व $t_2$ समय के लिए काम में लेते हैं तो

A द्वारा दिया जाने वाला किराया = $\frac{t_1}{t_1+t_2} \times x$

राम द्वारा दिया जाने वाला किराया = $\frac{24}{540} \times 5,400$

= 2,400 रुपये

**97. किसी नगर की 300000 की जनसंख्या में 180000 पुरूष हैं, 50% जनसंख्या साक्षर है। यदि 70% पुरूष साक्षर हों तो साक्षर महिलाओं की संख्या है-**

(A) 24000 (B) 30000 (C) 54000 (D) 60000


**(A) व्याख्या**-साक्षर व्यक्तियों की संख्या

$= 300000 \times \frac{50}{100} = 150000$

पुरूष साक्षर $= 180000 \times \frac{70}{100} = 126000$

महिला साक्षर $= 150000 - 126000 = 24000$

**98. नीचे एक पासे के दो प्रारूपों को दर्शाया गया है। इस पासे में अंक 1 के विपरीत फलक पर कौन-सा अंक होगा?**




(1) (2)

(A) 4 (B) 5 (C) 6 (D) 4/5/6


**(D) व्याख्या**-दिए गए पासे की स्थिति 1 में अंक 1 ऊपर है। अतः इसके विपरीत फलक पर पासे की स्थिति (2) में दिए अंकों में से कोई भी एक हो सकता है। अतः (1) के विपरीत फलक 4 या 5,6 कोई भी हो सकता है अर्थात् (4/5/6)

**99. यदि किसी सांकेतिक भाषा में MARCH को OCTEJ लिखा जाता है तो RETURN को उसी भाषा में कैसे लिखा जाएगा?**


(A) TFUVSM (B) QGSTQM

(C) TGVWTP (D) TGRVSO

**(C) व्याख्या**-जिस प्रकार-





उसी प्रकार-





अतः RETURN = TGVWTP

**100. वह उत्तर आकृति चुनिए जिसमें प्रश्न आकृति छुपी हुई है।**

**प्रश्न आकृति**



**उत्तर आकृतियाँ**



(A) (B) (C) (D)

## उत्तर माला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (C) | 2. (A) | 3. (A) | 4. (A) | 5. (B) | 6. (D) | 7. (A) | 8. (A) | 9. (B) | 10. (B) |
| 11. (C) | 12. (C) | 13. (C) | 14. (D) | 15. (A) | 16. (B) | 17. (C) | 18. (B) | 19. (A) | 20. (D) |
| 21. (B) | 22. (A) | 23. (C) | 24. (C) | 25. (A) | 26. (A) | 27. (A) | 28. (C) | 29. (B) | 30. (A) |
| 31. (D) | 32. (A) | 33. (A) | 34. (B) | 35. (C) | 36. (B) | 37. (C) | 38. (D) | 39. (D) | 40. (B) |
| 41. (D) | 42. (A) | 43. (B) | 44. (C) | 45. (A) | 46. (C) | 47. (A) | 48. (A) | 49. (B) | 50. (B) |
| 51. (A) | 52. (B) | 53. (A) | 54. (B) | 55. (A) | 56. (C) | 57. (A) | 58. (A) | 59. (C) | 60. (A) |
| 61. (A) | 62. (C) | 63. (B) | 64. (A) | 65. (A) | 66. (A) | 67. (D) | 68. (C) | 69. (A) | 70. (C) |
| 71. (A) | 72. (A) | 73. (C) | 74. (B) | 75. (C) | 76. (C) | 77. (C) | 78. (A) | 79. (A) | 80. (B) |
| 81. (B) | 82. (B) | 83. (C) | 84. (A) | 85. (B) | 86. (C) | 87. (B) | 88. (D) | 89. (A) | 90. (B) |
| 91. (B) | 92. (C) | 93. (B) | 94. (A) | 95. (B) | 96. (D) | 97. (A) | 98. (D) | 99. (C) | 100. (C) |

# इन्हें भी अवश्य पढ़ें ?

- विषयवार ई- बुक यहाँ से देखे
- Youtube पर ऑनलाइन क्लासे देखे
- लेटेस्ट पोस्ट (GK क्विज)
- 1000 प्रश्न ई-बुक Download
- राजस्थान GK ई- बुक डाउनलोड
- Computer E- book Download
- Rajasthan Gk Questions
- India Gk Questions
- One Liner Gk Questions


वनरक्षक वनपाल
RAJASTHAN CLASSES
सम्पूर्ण कोर्स
अब वर्दी लेना तय


वनपाल वनरक्षक
मॉडल पेपर
PDF फ्री डाउनलोड


वनपाल वनरक्षक
पार्ट- 2
मॉडल पेपर
PDF फ्री डाउनलोड

भारत सामान्य ज्ञान
महत्वपूर्ण प्रश्नों की सभी पीडीएफ
फ्री डाउनलोड करें
क्लिक करके डाउनलोड करें एवं पढ़ें

राजस्थान सामान्य ज्ञान
वन लाइनर प्रश्न-उत्तर
500+ क्लिक करें एवं पढ़ें

सामान्य विज्ञान
महत्वपूर्ण प्रश्नों की सभी पीडीएफ
फ्री डाउनलोड करें
क्लिक करके डाउनलोड करें एवं पढ़ें

राजस्थान सामान्य ज्ञान
लाइव क्लास की सभी पीडीएफ
फ्री डाउनलोड करें
क्लिक करके डाउनलोड करें एवं पढ़ें

Download More Pdf-
www.rajasthanclasses.in

एग्जाम वाले प्रश्न
महत्वपूर्ण चयनित प्रश्न-उत्तर
BSTC, LDC, वनरक्षक, वनपाल
राजस्थान GK